राजधानी •
वर्ष 18 | अंक 138 | पृष्ठ : 12+4
मूल्य : तीन रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
बृहस्पतिवार, 27 अगस्त 2020



शोभायात्रा में हरे रामा हरे कृष्णा उद्घोष से वातावरण भक्तिमय

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सौंदर्यम सोसाइटी में हरे रामा हरे कृष्णा मंदिर की स्थापना के दो दिवसीय कार्यक्रम के आखिरी दिन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ और डायरेक्टर मंजू गौड़ के साथ-साथ बड़ी संख्या में सोसाइटी के निवासी भी मौजूद रहे। सभी ने सामाजिक दूरी का पालन किया। शोभायात्रा के दौरान हरे रामा-हरे कृष्ण के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बन गया। इस दौरान पुष्पों की वर्षा की गई। बड़ी संख्या में निवासियों ने बालकनी से फूल बरसाए। मंदिर में भगवान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। निवासियों का कहना है कि इस तरह का भव्य नजारा परेशानी की घड़ी में सुखद एहसास कराता है। ब्यूरो